i Next 30-03-2018

नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट कैंपस अब वाई फाई से लैस

kanpur@inext.co.in

KANPUR (29 March): नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कैंपस को वाई फाई सुविधा से लैस कर दिया गया है. गुरुवार को इंस्टीट्यूट डायरेक्टर ने एक सादे समारोह में वाई फाई सुविधा को स्टूडेंट्स के लिए लांच किया. कैंपस के करीब 475 स्टूडेंट्स इस सुविधा का फायदा उठाएंगे. शुगर इंजीनियरिंग व शुगर टेक्नोलॉजी से रिलेटेड नई जानकारी नेट के जरिए हासिल कर इंस्टीट्यूट के टेक्नोक्रेट्स अपडेट हो सकेंगे.

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT

वाई फाई की शुरुआत करते निदेशक.

78 लाख से हुआ वाई फाई

एनएसआई डायरेक्टर प्रो. नरेन्द्र मोहन अग्रवाल ने बताया कि इंस्टीट्यूट कैंपस को वाई फाई करने में 78 लाख रुपए खर्च किए गए हैं. स्टूडेंट्स को वाई फाई का पास वर्ड दिया जाएगा. कैंपस की वाई फाई सुविधा सिक्योरिटी फीचर से लैस है. स्टूडेंट्स को प्रति हफ्ते 5 जीबी डाटा यूज करने को मिलेगा. एक महीने में छात्रों को 20 जीबी डाटा मिलेगा. अनलिमिटेड डाउन लोड करने की सुविधा नहीं मिलेगी.